केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

दैनिक
# भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 166 गुरूवार 9 जनवरी 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में छात्र संघ की जगह युवा संसद जरूरी–योगी



**लखनऊ (आभा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि विश्वविद्यालयों और महिविद्यालयों में परम्परागत छात्रसंघ की बजाय युवा संसद को प्रमोट करना चाहिए। इससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ाया जा सके। अपने सरकारी आवास पर 28वें युवा उत्सव–2025 में उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर उन्होंने युवाओं को संवाद में माहिर होने का मंत्र दिया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में संवाद की कला अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजनेता वही सफल हो सकता है, जिसमें संवाद की कला हो। यदि वह संवाद में माहिर नहीं है तो सफल राजनेता नहीं हो सकता है।

सीएम योगी ने कहा कि यह देखना होगा, हम जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उसमें युवाओं की क्या भूमिका होगी। नेतृत्व का गुण, समाज और अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के प्रति संवेदना होनी चाहिए। कोई भी राजनेता, प्रशासन, पुलिस अधिकारी, अन्नदाता किसान, प्रगतिशील किसान, युवा उद्यमी समेत किसी भी क्षेत्र में कार्य करे, लेकिन उसके मन में राष्ट्रीयता, मातृभूमि के लिए प्यार, जनता व नागरिकों के प्रति संवेदना नहीं है तो उसकी प्रगति का कोई मायने नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जनवरी की तिथि युवा उत्सव के रूप में आती है, क्योंकि यह युवा ऊर्जा के धनी व वैश्विक पटल पर भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व युवा शक्ति को पहचान दिलाने वाले स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती है। पीएम मोदी की प्रेरणा से पिछले कई वर्षों से युवा उत्सव का कार्यक्रम दल्लिी में होता है। इसमें अनेक कार्यक्रमों में भागीदार बनकर युवाओं को पूरे देश को जानने–सीखने का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री का सानिध्य व संवाद का क्षण भी प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सामने कुछ लक्ष्य रखे थे। इसमें विकसित भारत भी था। विकसित भारत में युवाओं की ऊर्जा कैसे सहायक हो सकती है। सीएम ने युवाओं से कहा कि 22623 साल बाद जब देश शताब्दी वर्ष मना रहा होगा, तब आप भी अलग–अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे होंगे। तब ध्यान रखना होगा कि उस समय कैसा भारत चाहिए, उस भारत के निर्माण की कार्ययोजना में कौन कौन से पहलू होंगे। जिन्हें हम आगे बढ़ाकर लेकर चल सकते हैं। विकसित भारत में युवाओं की भी क्या भूमिका होगी, इसे भी हमें देखना होगा।

उन्होंने कहा 63 युवा उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करके राष्ट्रीय महोत्सव का हिस्सा बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश के विकास व विरासत की इस यात्रा में युवा भी सहभागी बने हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले सात–आठ वर्ष में विकास की यात्रा को तेजी से आगे बढ़ाया है। 10 वर्ष पहले लोग खुद को उत्तर प्रदेश का वासी कहने में संकोच करते थे। यहां सुरक्षा नहीं, बल्कि दंगा, अराजकता व गुंडागर्दी थी।

कहा कि उप्र आबादी में नम्बर एक लेकिन विकास के पायदान पर पीछे था। अर्थव्यवस्था में छठवें–सातवें पायदान पर था। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में पिछड़ा था, लेकिन सात–आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में खड़ा है। इसके पीछे की सफलतम कहानी को जिन्होंने नजदीक से देखा है, वे वर्तमान व भावी पीढ़ी को अवगत कराएं, जिससे उन्हें भी प्रगति के सही मानक की जानकारी हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि युवा उत्तर प्रदेश की अमिट छाप को छोड़ने में सफल होंगे। उत्तर प्रदेश के अलग–अलग क्षेत्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वन ड्रिट्रक्टि–वन प्रोडक्ट की प्राचीन विधा (जो कौशल विकास का अद्भुत उदाहरण था) उसे भी प्रस्तुत करने में सफल होंगे।

उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट वह नहीं है, जो केवल आज हम देख रहे हैं, स्किल डेवलपमेंट वह भी था, जिसने कभी मुरादाबाद को ब्रास, अलीगढ़ को हार्डवेयर, फिरोजाबाद को ग्लास, लखनऊ को चिकन कारी, मेरठ को स्पोर्ट्स आइटम, भदोही की कालीन, सहारनपुर को वुडन वर्क, वाराणसी के रेशम वस्त्र को मौका दिया। ये सभी प्राचीन विरासत के प्रतीक हैं, जिसे सरकार वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट कर रही है। कौशल विकास की इस विधा को हम विरासत के रूप में आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

## कैमरे की निगरानी में जारी है पुलिस भर्ती प्रक्रिया

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। पुलिस लाइन बस्ती में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की अभिलेखों की संवीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण चल रहा है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। 21 नवंबर को उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था। प्राप्तांक की श्रेष्ठता के आधार पर 26 दिसंबर से जिले में आरक्षी नागरिक पुलिस के अभ्यर्थियों को पुलिस लाइंस में डीवीपीएसटी परीक्षण के लिए बुलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस, शिक्षा, चिकित्सा विभाग के अधिकारी शामिल हैं। अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक भी कराई जा रही है। पूरी प्रक्रिया को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराया जा रहा है। इसी का जायजा लेकर एसपी ने मातहतों को जरूरी दिशा–निर्देश दिया।

## वन दारोगा की तैनाती

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। वन प्रभाग रामनगर रेंज कार्यालय में एक और वन दरोगा की तैनाती हुई है। रेंज कार्यालय में वन दरोगा की संख्या बढ़कर छह हो गई है। एक और वन दरोगा मिलने से क्षेत्र के वनों की निगरानी आसान हो जाएगी। यह जानकारी देते हुए वन क्षेत्राधिकारी रामनगर सोनल वर्मा ने बताया कि डीएफओ जयप्रकाश सिंह के ने सुजीत कुमार वन दरोगा को रामनगर रेंज में तैनाती दिया है। हालांकि अभी भी दो पद रिक्त हैं। यहां पर कुल आठ पद स्वीकृत हैं।

## धरे गये पशु तस्कर

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। छावनी थाना क्षेत्र में पकड़े गए पशु तस्कर बस्ती के अलावा अमेठी, गोंडा और अयोध्या में मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरोह छावनी क्षेत्र में काफी दिनों से अवैध तरीके से पशु तस्करी करता था। धुसवा तटबंध के पास पुलिस व स्वॉट टीम के हत्थे चढ़े दद्दन, रवि निवासीगण शेखपुर थाना रौनाही अयोध्या और एराज खान निवासी रौनाही थाना रौनाही अयोध्या के कब्जे से चोरी की दो बाइक भी मिली है। सीओ हर्रैया के मुताबिक आरोपी दद्दन छावनी थानाक्षेत्र के विक्रमजोत क्षेत्र में हुई पशु चोरियों में शामिल में है। बाकी दोनों रवि व एराज के खिलाफ गोड़ा, अयोध्या, अमेठी व बस्ती में गोवध निवारण अभिनियम व पशु क्रुरता निवारण अधिनियम मामले में मुकदमा दर्ज है।

## भारी पड़ी लापरवाहीः बड़े वन चौकी प्रभारी निलम्बित

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने कोतवाली थाने की बड़ेवन पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई रामानन्द सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। उन पर मुकदमे की विवेचना में लापरवाही बरतने का आरोप है।

एसपी ने बताया कि लापरवाह बरतने के आरोप में दरोगा रामानन्द सिंह को निलम्बित कर विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वर्तमान में चौकी प्रभारी बड़ेवन रामानन्द सिंह पूर्व में वाल्टरगंज थाने पर तैनात थे। इस दौरान उन्हें एक मुकदमे की विवेचना मिली थी, जो समूह से जुड़ा था।

एसपी स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि इस मुकदमे की विवेचना में कई माह का समय बीत जाने के बाद भी कोई विवेचनात्मक प्रगति नहीं आई। कोई भी अभियोग दैनिकी पेशी सीओ सदर कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराया गया।

विवेचना में दरोगा रामानन्द सिंह स्तर से बरती गई लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

## कार– बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बस्ती–मुंडेरवा मार्ग पर कार व बाइक की आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मुंडेरवा पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त मुंडेरवा थानाक्षेत्र के नगहरा निवासी काशीनाथ (22) के रूप में हुई है। इसी थाने के नगहरा निवासी काशीनाथ मंगलवार की देर रात बाइक से अपने गांव लौट रहा था। बताया जा रहा है कि बस्ती–मुंडेरवा मार्ग पर मुंडेरवा थानांतर्गत सिसवा चौराहे के पास सामने से आ रही कार ने उसकी बाइक को ठोकर मार दी। सीधी टक्कर में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और काशीनाथ को गंभीर चोट आई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को मर्चरी में ही रखवाने के साथ ही घटना की जानकारी परिजनों को दी। काशीनाथ अपने माता–पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था। वहीं बुधवार की सुबह लालगंज थानाक्षेत्र के मरवटिया के पास एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक बाल–बाल बच गया।

## चोरी की मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने चोरी के मोबाइल संग एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार टीम ने कोतवाली में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए आरोपी प्रदीप तिवारी निवासी रमवापुर जगतराम थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को ब्लॉक रोड तिराहा से गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ है। टीम में प्रभारी चौकी रौता अरुण पांडेय, जेल गेट चौकी प्रभारी संदीप कुमार व आरक्षी धर्मेन्द्र कुशवाहा शामिल रहे।

## मानदेय के लिये अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं विद्युत संविदाकर्मी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बिजली संविदा कर्मियों का एक से दो माह का मानदेय गोल कर दिया जा रहा है। मानदेय के लिए यह कर्मी अधिशासी अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता तक चक्कर लगा रहे हैं। अब तक 35 संविदा कर्मियों का वेतन गोल किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष रामसकल मौर्या का कहना है कि संविदा कर्मियो का एक से दो माह का वेतन बिना किसी कारण के गोल कर दिया जा रहा है। इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से की जा चुकी है। कोई सुनने वाला नहीं है। अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार का कहना है कि अगर मानदेय नहीं दिया जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। दोर्षी पाए जाने पर कार्रवाई कराई जाएगी।

विद्युत विभाग में अनुरक्षण कार्य व विद्युत उपकेंद्रों के संचालन के लिए कुशल व अकुशल कर्मियों की तैनाती की गई है। एक आउटसोर्सिंग फर्म की ओर से कर्मियों की आपूर्ति विभाग को की गई है। विभाग की ओर से कर्मियों के मानदेय का भुगतान फर्म को किया जाता है। संविदा कर्मियों का आरोप है कि एक से दो माह का वेतन फर्म ने गोल कर दिया है।

इस बात की जानकारी संबंधित उपकेंद्र के जेई व उपखंड अधिकारियों को है, लेकिन वह यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि मानदेय दिलाने की जिम्मेदारी उनकी नहीं है। फर्म की शिकायत करने पर उनको बाहर कर दिए जाने का डर बना रहता है। जानकारों का कहना है कि बनकटी उपकेंद्र पर तैनात कृष्ण कुमार यादव, कुलदीप चौरसिया का अप्रैल व मई 2023, भानपुर में तैनात रमेश चौधरी का अगस्त 2024, विक्रमजोत में तैनात वीरेंद्र कुमार, अजय वर्मा, अनिल कुमार, अनिल श्रीवास्तव का जून, जुलाई 2024, दुबौलिया में तैनात राम वेलास यादव, रामचरन यादव, अलखनाथ तिवारी आदि का जुलाई, अगस्त 2024 का भुगतान नहीं हुआ है।

जानकारों का कहना है कि फर्म की ओर से मानक से ज्यादा कर्मियों की भर्ती कर ली गई है। विभाग की ओर से भुगतान नाम से न करके कर्मियों की संख्या के हिसाब से किया जाता है। यहीं से खेल शुरू हो जाता है। एक कर्मी का मानदेय काटकर दूसरे कर्मी को भुगतान किया जाता है। एक कर्मी से आमतौर से एक से दो माह का मानदेय काट लिया जा रहा है। निकाले जाने की डर से कर्मी कुछ नहीं कर पाते हैं।

## टीबी रोग उन्मूलन के लिये मण्डलायुक्त ने दिलाया शपथ

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती । मण्डल को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में तेजी लाने के लिए मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। यह अभियान विगत 07 दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी के उन्मूलन में तेजी लाना है। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयूष विभाग के अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग लिया जाय।

उन्होने कहा कि खासी, बुखार, रात में पसीना आना, मुँह से खून आना, वजन कम होना, भूख ना लगना, गर्दन में गिल्टी/गॉठ, बाझपन आदि टीबी के लक्षण है। बैठक में उपस्थित विभागाध्यक्षों से उन्होने कहा कि विभागों में उपस्थित समस्त अधिकारियो व कर्मचारियों में उक्त लक्षण पाये जाने पर तत्काल स्क्रिनिंग/जॉच कराया जाय। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्प के माध्यम से उक्त लक्षण वाले लोगों को चिन्हित कर स्क्रिनिंग करायी जाय।

उन्होने यह भी कहा कि टीबी के मरीजो को पोषण पोटली, मुँगफली, भूना चना, गुड, तिल, गजक, बोनबीटा उपलब्ध कराया जाय। उन्होने मण्डलीय अधिकारियों से कहा कि आप सभी लोग भी कम से कम दो मरीजो को पोषण पोटली उपलब्ध कराये। इसके लिए स्वयं सहायता समूह का सहयोग भी लिया जाय। बैठक के अन्त में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शपथ भी दिलाया। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त बलराम कुमार ने किया। इसमें अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. विनीता राय, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा. नीरज पाण्डेय, तीनों जिलों के सीएमओ सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## कटरा से बनिहाल तक दौड़ी ट्रेन



**श्रीनगर (आभा)।** जम्मू–कश्मीर में कटरा से बनिहाल तक भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रेन के सफल ट्रायल के साथ भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया। उत्तरी सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) दिनेश चंद देशवाल ने बुधवार को यह बात कही। देशवाल की इस टिप्पणी को कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधी रेल सेवाओं की जल्द शुरुआत के लिहाज से एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। हालांकि, यात्रियों को अभी थोड़ा इंतजार करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आज दो–दिवसीय वैधानिक निरीक्षण पूरा होने के बाद जुटाए गए डेटा का विश्लेषण करेंगे, जिसके बाद ही केंद्र इस बहुप्रतीक्षित रेल सेवा को शुरू करने के बारे में कोई फैसला लेगा।

## भाजपा नेताओं ने किया 'हमारा संविधान हमारा गौरव' कार्यशाला में विमर्श

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



### –भाजपा की सरकार में बढा संविधान और बाबा साहब का गौरव–आनन्द सिंह कलहंस

बस्ती। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी गौर मण्डल द्वारा नगर पंचायत बभनान के सभागार में मण्डल अध्यक्ष राजेश कमलापुरी के संयोजन में 'हमारा संविधान, हमारा गौरव' कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये रूधौली के पूर्व विधानसभा प्रभारी आनन्द सिंह कलहंस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश के साथ ही संविधान का मान बढ़ाया है।

ब्लाक प्रमुख जटाशंकर शुक्ल ने कहा कि भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार एवं मूल कर्तव्यों को भाजपा सरकार ने सामान्य जन तक पहुंचाने का काम किया। यूपीए के सभी दलों ने विशेषकर कांग्रेस ने सदैव ही संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंच तीर्थ घोषित किया है। सच्चे अर्थो मे भाजपा ही संविधान के अनुरूप देश को गतिमान कर रही है।

भाजपा किसान मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के कोषाध्यक्ष राधेश्याम कमलापुरी ने कहा कि 'हमारा संविधान हमारा गौरव' अभियान के द्वारा सारे समाज को जोड़ने का काम किया जा रहा है। हम भाजपा के लोग डॉ. भीमराव आंबेडकर व भारतीय संविधान की वर्तमान में महत्ता को देश के लोगों के सामने लाकर कांग्रेस के षड्यंत्र का पर्दाफाश कर जनता तक सच्चाई पहुंचाने की भूमिका पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं।

'हमारा संविधान, हमारा गौरव' कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, श्याम बहादुर सिंह, विजय ब्यास, रामफेर गुप्ता, अनिल सोनी, कैलाश चन्द्र, दीपक सिंह, नितेश सिंह, रामबाबू, मुरारजी, कृष्ण कुमार तिवारी, राधेश्याम जायसवाल, महेश कसौधन, रविन्द्र कसौधन, अभय कसौधन, के साथ ही भाजपा के अनेक पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, कायकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों में किया कम्बल का वितरणः कमजोर लोगों को सबल बनाना हमारा संकल्प-उमाशंकर पटवा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



### –जरूरतमंदों को सबल बनाना यूथ इंडिया फाउन्डेशन का उद्देश्य –राहुल पटेल

बस्ती। बुधवार को यूथ इंडिया फाउन्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष राहुल पटेल के संयोजन में बस्ती सदर विकास खण्ड के रिठीया ग्राम सभा में जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया गया।

राहुल पटेल ने कहा कि ठंड, गर्मी और बरसात के दिनों में मौसम की मार का सर्वाधिक सामना गरीबों को ही करना पड़ता है। उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना, मुख्य धारा से जोड़ने के लिये फाउन्डेशन द्वारा लगातार प्रयास जारी है।

यूथ इंडिया फाउन्डेशन के संरक्षक समाजसेवी उमाशंकर पटवा ने कहा कि उनका संगठन गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। कड़ाके की ठंड में निश्चित रूप से लोगों को कम्बल से कुछ सुविधा मिलेगी। उनका प्रयास है कि जरूरतमंदों को आर्थिक, सामाजिक, नैतिक स्तर पर समृद्ध किया जाय जिससे वे अन्य जरूरतमंदों के लिये सहयोगी बन सके। एक दूसरे की मदद से निश्चित रूप में स्थितियों में बदलाव होगा।

कम्बल वितरण में यूथ इंडिया फाउंडेशन के सदस्य दीपक सोनी, जेश पटवा, गोलू पटेल, राजकुमार पटेल, गुड्डू, बब्बू पटेल, दुर्गेश अवधेश वर्मा ने योगदान करते हुये निरन्तर मदद का भरोसा दिलाया।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष राहुल पटेल ने बताया कि यूथ इंडिया फाउन्डेशन एक गैर–सरकारी संगठन है जो गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए काम करता है। संगठन का उद्देश्य गरीबों और जरूरतमंदों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

## ग्राम प्रधान, हल्का लेखपाल, सिपाही पर जबरिया जेसीबी लगवाकर चकरोड निर्माण कराने का आरोप





### –पीड़ित ने डीएम से लगाया न्याय की गुहार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र गंगाराम ने जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र उनके प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि रानीपुर के ग्राम प्रधान द्वारा उनकी जमीन में जबरन चकरोड निकलवाने और हरे वृक्षों को काटकर बेच लिये जाने के प्रकरण में जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कारवाई कराया जाय। इसके साथ ही उनकी जमीन् से जे.सी.बी. द्वारा निकाली गई मिट्टी पाटकर चकरोड बनाने वृक्ष काटकर बेंच लिये जाने के मामले में उन्हें समुचित क्षतिपूर्ति दिलाया जाय।

डीएम को सम्बोधित पत्र में कहा गया है कि हल्का लेखपाल अनन्त कुमार, पुरानी बस्ती थाने में तैनात हल्का सिपाही अभिषेक शर्मा ने रानीपुर के ग्राम प्रधान के दबाव प्रभाव में आकर स्थगन आदेश के बावजूद अवैध ढंग से उनकी जमीन पर जे.सी.बी. लगवाकर चकरोड पटवा दिया गया और हरे पेड़ों को कटवाकर लगभग 30 हजार रूपये में बेचकर बन्दरबांट कर लिया गया। मांग किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर हल्का लेखपाल, सिपाही और ग्राम प्रधान के विरूद्ध कार्रवाई कर जबरिया बनवाये गये चकरोड को गिरवाकर उन्हें क्षतिपूर्ति दिलाया जाय।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स

दैनिक भारतीय बस्ती
बस्ती 9 जनवरी 2025 गुरूवार

## सम्पादकीय

### ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध और चीन

चीन की ओर से तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर भारतीय सीमा के करीब बांध निर्माण के लिए दी गई मंजूरी से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। बांध ब्रह्मपुत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को कमजोर कर देगा। बांध को लेकर भारत की चिंता का एक कारण यह भी है कि इस बांध के बनने की स्थिति में भारत को पानी के लिए चीन पर निर्भर रहना पड़ सकता है, जिससे चीन को भारत पर दबाव बनाने का मौका मिलेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक यह बांध ब्रह्मपुत्र नदी पर बनेगा जो अरुणाचल प्रदेश की ओर मुड़ती है। इससे भारत में पानी की आपूर्ति की समस्या पैदा हो सकती है।

भारत और चीन ने सीमा पार नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वर्ष 2006 में विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र (ईएलएम) की स्थापना की थी, जिसके तहत चीन बाढ़ के मौसम के दौरान भारत को ब्रह्मपुत्र और सतलुज नदी पर जल विज्ञान संबंधी जानकारी प्रदान करता है मगर इस मामले में चीन ने भारत को कोई सूचना प्रदान नहीं की। भारत चीन को अपनी चिंताओं से अवगत करा चुका है।

यह आशंका जताई जा रही है कि बांध का निर्माण होने से अरुणाचल प्रदेश और असम में पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचेगा। ब्रह्मपुत्र इन दो राज्यों से होकर बहती है। नदी के प्रवाह के निचले क्षेत्रों में जल के उपयोग का अधिकार रखने वाले देश के रूप में, हमने विशेषज्ञ स्तर के साथ–साथ कूटनीतिक माध्यम से, चीनी पक्ष के समक्ष उसके क्षेत्र में नदियों पर बड़ी परियोजनाओं के बारे में अपने विचार और चिंताएं लगातार व्यक्त की हैं।" हालिया रिपोर्ट के बाद, इन बातों को दोहराया गया है। साथ ही, नदी के प्रवाह के निचले क्षेत्रों में स्थित देशों के साथ पारदर्शिता बरतने और परामर्श की जरूरत बताई गई है।"चीनी पक्ष से आग्रह किया गया है कि ब्रह्मपुत्र के प्रवाह के निचले क्षेत्रों में स्थित देशों के हितों को नदी के प्रवाह के ऊपरी क्षेत्र में गतिविधियों से नुकसान नहीं पहुचे। चीन ने गत वर्ष 25 दिसंबर को, तिब्बत में भारत से लगी सीमा के निकट ब्रह्मपुत्र नदी पर विश्व का सबसे बड़ा बांध निर्मित करने की अपनी योजना की घोषणा की थी। परियोजना पर 137 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आने का अनुमान है। बांध के हिमालय पर्वतमाला क्षेत्र के पारिस्थितिकी रूप से नाजुक क्षेत्र में बनाने की योजना है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच पिछले दिनों हुई बैठक के दौरान, जल विज्ञान संबंधी डेटा साझा करने पर चर्चा हुई, जो स्थिति की तात्कालिकता को दर्शाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह परियोजना भारत और चीन के बीच तनाव बढ़ा कर दोनों देशों के बीच जलयुद्ध को जन्म दे सकती है। चीन का यह कदम एक चेतावनी है।

गौरतलब है कि चीन ने तिब्बत के जल पर स्पष्ट स्वामित्व का दावा किया है, जिससे वह दक्षिण एशिया की सात सबसे शक्तिशाली नदियों –सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र, इरावदी, साल्विन, यांग्त्जी और मेकांग का अपस्ट्रीम नियंत्रक बन गया है। ये नदियां पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, म्यांमार, लाओस और वियतनाम में बहती हैं और किसी भी एक स्थान से सबसे बड़ी नदी अपवाह बनाती हैं यह अनुमान लगाया गया है कि तिब्बती पठार और झिंजियांग और इनर मंगोलिया के चीनी प्रशासित क्षेत्रों से हर साल 718 बिलियन क्यूबिक मीटर सतही पानी बहकर पड़ोसी देशों में चला जाता है।

इसका लगभग आधा पानी अर्थात 48 प्रतिशत सीधे भारत में आता है। ऐसे में भारत को यह आकलन करने की आवश्यकता है कि चीन उन देशों पर अपने लाभ को किस तरह हथियार बना सकता है। हालांकि यह अनिश्चित है कि ब्रह्मपुत्र बांध एक नया विवाद बनेगा या नहीं, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि दीर्घकालिक संघर्ष से बचने और साझा जल संसाधनों के सतत प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए संवाद, सहयोग और पारदर्शिता महत्वपूर्ण होगी।

# दिल्ली में कौन होगा जीत का हकदार



–अजय कुमार–







दिल्ली का सियासी दंगल सज गया है। बस चुनाव की तारीख की घोषणा होना बाकी रह गया है।इस बार भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बाद भी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग–अलग चुनाव लड़ रहे हैं।वहीं बीजेपी भी पूरे दमखम से मैदान में डटी है तो पीछे यूपी में मजबूत पकड़ रखने वाली समाजवादी पार्टी और बसपा भी नहीं हैं।दिल्ली विधानसभा चुनाव में जहां आम आदमी पार्टी के सामने अपनी 11 साल पुरानी सरकार को बचाये रखने की चुनौती है तो बीजेपी कम बैक करना चाहती है। मगर वह बिना सेनापति यानी मुख्यमंत्री के चेहरे के मैदान में ताल ठोक रही है,इसका उसे कितना फायदा या नुकसान होगा यह नतीजे आने के बाद पता चलेगा। वहीं कभी दिल्ली पर दबदबा बनाने रखने वाली कांग्रेस चुनाव के मैदान में तो हैं लेकिन सत्ता में उसकी वापसी हो,इसके लिये उसके पास शीला दीक्षित जैसा कोई चेहरा नजर नहीं नजर आ रहा हैं।

गौरतलब हो ,केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में विधानसभा बहाल होने के बाद 1993 में पहली बार विधानसभा चुनाव हुए थे. उसके बाद से राजधानी में सात बार विधानसभा चुनाव हुए हैं। बीजेपी महज एक बार साल 1993 में ही जीत दर्ज करने में कामयाब रही थी। 1998 में उसके हाथों से सत्ता गई तो फिर वापसी नहीं हुई। ऐसे में सवाल उठता है कि दिल्ली का दिल बीजेपी क्यों नहीं जीत पाती है और 2025 में क्या सियासी ग्रहण को दूर कर पाएगी। बीजेपी पिछले 26 साल से दिल्ली में सत्ता का वनवास झेल रही है. 15 साल तक शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस के सामने खड़ी नहीं हो सकी. थी तो उसके बाद अरविंद केजरीवाल की चुनौती से बीजेपी कभी पार नहीं पा पाई। शीला दीक्षित के बाद से 11 साल से आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के आगे बीजेपी लीडरशिप पस्त नजर आई है।

अब नव वर्ष के आगाज के साथ ही फिर से दिल्ली विधानसभा चुनाव की सियासी तपिश बढ़ गई है। बीजेपी 2025 में होने वाले विध ।ानसभा में हर हाल में दिल्ली में कमल खिलाना चाहती है, जिसके लिए पूरी ताकत झोंक रखी है. इसके बाद भी बीजेपी के लिए दिल्ली के सत्ता की राह आसान नहीं है. मोदी–शाह की जोड़ी 2014 लोकसभा चुनाव के बाद से बीजेपी के लिए जीत हासिल करने की गांरटी बन गई थी. ऐसे में देखते ही देखते देश के एक के बाद एक राज्यों में बीजेपी अपनी जीत का परचम फहराती रही. उत्तर से दक्षिण और पश्चिम से पूर्वोत्तर राज्यों तक बीजेपी की जीत का डंका बजने लगा. बीजेपी की जीत का श्रेय नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी को दिया गया लेकिन केंद्र सरकार के नाक के नीचे दिल्ली में 2015 और 2020 में दो बार चुनाव हुए. इन दोनों ही चुनावों में मोदी–शाह की जोड़ी केजरीवाल के सामने अपना असर नहीं दिखा सकी. इसके पीछे सबसे बड़ी वजह क्या है, जिसके चलते बीजेपी दिल्ली की जंग फतह नहीं पा रही?

दिल्ली के सियासी मिजाज को बीजेपी समझ नहीं पा रही है. देश के दूसरे राज्यों के फॉर्मूले पर दिल्ली के विधानसभा चुनाव नहीं जीता जा सकता है. दिल्ली जाति और धर्म की सियासत को कभी तवज्जो नहीं नहीं देती है. इसके अलावा दिल्ली के लोग नकारात्मक चुनाव प्रचार को अहमियत नहीं देते, क्योंकि दिल्ली में एक बड़ा तबका कारोबारियों का है. दिल्ली में तीन तरह के चुनाव होते हैं और तीनों में वोटिंग पैटर्न अलग–अलग हैं. लोकसभा चुनाव में दिल्ली की पसंद बीजेपी रही तो विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी. पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के दौर में भी ऐसा ही था, जब विध ।ानसभा में कांग्रेस को कामयाबी मिली थी तो लोकसभा में बीजेपी को. एमसीडी चुनाव में पहले बीजेपी का कब्जा रहा, लेकिन अब आम आदमी पार्टी का है.

दिल्ली के चुनाव में पार्टी से ज्यादा नेता का व्यक्तित्व मायने रखता है. साल 1993 में बीजेपी ने मदन लाल खुरना को आगे कर सत्ता हासिल की थी, लेकिन सिर्फ पांच साल के दौरान बीजेपी को तीन बार सीएम बदलना पड़ा. नतीजा यह हुआ कि दिल्ली की जनता के बीच बीजेपी की तरफ से गलत राजनीतिक संदेश गया और इसका खामियाजा उसे 1998 के चुनाव में भुगतना पड़ा. इसके बाद से बीजेपी दिल्ली की सियासत में अपना कोई ऐसा नेता खड़ी नहीं कर सकी, जो शीला दीक्षित और अरविंद केजरीवाल के सामने चुनौती पेश कर सके।

1998 के चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने वाली शीला दीक्षित 15 साल तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं. शीला दीक्षित ने खुद को कांग्रेस पार्टी के सामनांतर खड़ा किया था. दिल्ली में उन्होंने विकास का अपना एक मॉडल बनाया, जिसके दम पर वो 1998 से 2013 तक एकक्षत्र राज करती रहीं. बीजेपी इन 15 सालों तक कांग्रेस को चुनौती नहीं दे सकी और न ही कभी भी शीला के कद का कोई अन्य नेता उनके सामने खड़ा नहीं कर पाई. इसके बाद 2013 में अन्ना आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल ने पहली बाजी जीतने के बाद ऐसा खूंटा गाड़ा कि उसे बीजेपी नहीं उखाड़ सकी. केजरीवाल के सामने बीजेपी ने कई प्रयोग किए, लेकिन चुनौती नहीं खड़ी कर सकी.

केंद्र की सत्ता पर काबिज रहने वाली पार्टी दिल्ली की सियासत को वैसे ही डील करती है. कांग्रेस और बीजेपी अपने किसी भी नेता को दिल्ली में बहुत ज्यादा स्पेस नहीं देती. दिल्ली में किसी खास नेता को स्पेस देने का मतलब है उसकी राजनीतिक हैसियत को बढ़ाना और कोई भी राष्ट्रीय पार्टी ऐसा करना नहीं चाहती. पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी खुद को पार्टी के अंदर स्थापित किया था. उन्हें पार्टी की तरफ से कोई बढ़ावा नहीं मिला. ठीक उसी तरह बीजेपी भी दिल्ली के नेताओं को बहुत ज्यादा अहमियत नहीं देती. यही वजह है कि वो केजरीवाल के सामने कोई मजबूत चेहरा नहीं उतार सकी।

# स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या





– ललित गर्ग–

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत–सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022–23 व 2023–24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व–प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है।

शिक्षा मानव–जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव–जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छाध्त्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी–एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है।

छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है।

भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है। आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए।

# वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज की राजनीति





–डॉ० आर.के. सिन्हा–

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देश भर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रहा है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपने महान नेत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिये 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था।

श्रीमती इंदिरा गांधी ने सावरकर को " रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया" कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, "स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक" के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, श्मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध ।ा हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।श मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब श्द ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्वश में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है। किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांध ।ी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन–मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है।

वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित श्इंडिया हाउसश में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने श्अभिनव भारतश नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने श्1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्रामश नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहाँ उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया।कोल्हू में बेल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था ।

सावरकर ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया और अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की। सावरकर ने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने हिंदू समाज में सुधार लाने के लिए कई आंदोलन चलाए। वे एक कुशल वक्ता और लेखक थे। उनके भाषणों और लेखों ने लोगों को प्रेरित किया और उनमें देशभक्ति की भावना जगाई।

सावरकर के गृह राज्य महाराष्ट्र में कई संगठन और संस्थान हैं जो उनके विचारों और कार्यों को बढ़ावा देते हैं। वीर सावरकर महाराष्ट्र में एक सम्मानित और प्रभावशाली व्यक्ति हैं, और उन्हें कई लोगों द्वारा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है। वीर सावरकर का एक शानदार चित्र पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ था। उनके चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब भी कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। तब कांग्रेसी भूल गए थे कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए केन्द्रीय कक्ष में उनका चित्र स्थापित कर सम्मान दिया गया।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर– जरूरी टिप्पणी अपमानजनक की थी। उनकी बयानबाजी से शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। उनहोंने तब कहा था ष्हम स्वातंर्त्यवीर सावरकर के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हमारे मन में सावरकर के लिए सम्मान है।ष आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजध ।ानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

